IDBI BANK

संरचनागत खुदरा आस्तियां

आईडीबीआई बैंक ने 'ईकेएएम 2023' में प्रतिष्ठित अवार्ड हासिल किया

न्यूजेन सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने 29 नवंबर 2023 को बीकेसी, मुंबई में ईकेएएम 2023 - पॉवर ऑफ वन, के वार्षिक आयोजन की मेजबानी की. आयोजन में कारोबार के लिए नई प्रौद्योगिकी विकास का प्रदर्शन किया गया. आयोजन में बीएफ़एसआई सेक्टर के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त शामिल अन्य जिसमें आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, एक्सिस, पीएनबी,एलआईसी और अग्रणी एनबीएफ़सी के द्वारा सहभागिता की गई.

ईडी डॉ. कुमार नील लोहित को आयोजन में मुख्य भाषण संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया था. उनके संबोधन में बैंकिंग में प्रौद्योगिकी रूपांतरण पर नई प्रौद्योगिकी और प्रयासों के प्रति अधिक अनुकूल होने पर बल दिया गया.

आईडीबीआई बैंक को संरचनागत खुदरा आस्तियां उत्पादों के लिए बैंक द्वारा आरंभ किए गए न्यू आई-अस्त्र मॉड्यूल के लिए पुरस्कृत किया गया. यह अवार्ड सीजीएम-एसआरए श्री एस. सुब्रमण्यम, जीएम-एसआरए श्री राजीव कुमार और डीजीएम-श्री रोहित गुप्ता द्वारा प्राप्त किया गया.